THE MINISTER OF COMMUNICATIONS (SHRI BENI PRASAD VARMA) (a) and (b) Yes, Sir. Soms of the operators have requested for postponement of deposit of licence fee for various quarters of 2nd year. The main reasons given by the operators for postponement is difficulty in arrafnging finance due to various reascHB. Each individual case is examined on its merit dependins; upon the progress made, availability of sufficient securities in the form of Financial Bank Guarantee etc. The delawd payment, if any, will also earry an element of penal interest.

(c) No, Sir.

महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड द्वारा की जाने वाली भूल/लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं की पेश आ रही कठिनाइयां

2330. **श्री ईश दत्त यादव** :
श्री रामगोपाल यादव :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 10 जुलाई, 1997 के दैनिक जागरण में "आंखिन देखी: एम.टी. एन.एल.-1 भूल विभाग को, चक्कर काटने पड़तें है उपभोक्ताओं को" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया हैं;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार को क्या प्रतिक्रिया हैं; और

(ग) सरकार द्वारा विभाग को भूल/लापरवाही को सुधारते हुए उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने हेतु क्या कदम उठाए जाने की संभावना हैं?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा) : (क) जी, हां।

(ख) (i) उपभोक्ता से शिकायत प्राप्त होने पर, टेलीफोन नं. 2222901 के बिल में संशोधन कर दिया गया हैं। इस किस्म की विसंगति की पुनरावृत्ति न होने देने के लिए कंप्यूटर में आवश्यक सुधार कर दिया गया हैं।

(ii) जहां तक रिपोर्ट में उल्लिखित शेष तीन मामलों का संबंध हैं, एक मामले से, संबंध हैं, एक मामले में, सही प्रकार से टेलीफोन नम्बर का उल्लेख नहीं किया गया हैं, अन्य दो मामलों में, टेलीफोन नम्बरों का विस्तृत उल्लेख नहीं किया गया हैं।

(ग) इस गलती के लिए जिम्मेदारी निर्धारित करने के लिए सतर्कता जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

दूरसंचार विभाग में उच्च श्रेणी लिपिक संवर्ग प्रतिकूल प्रभाव पड़ना

2331. **श्री ईश दत्त यादव** :
श्री नागमणि :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दूरसंचार विभाग के वर्तमान ढांचे में उच्च श्रेणी लिपिक वर्ग पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ रहा हैं:

(ख) क्या उच्च श्रेणी लिपिकों को संरक्षा प्रदान करने के लिए कोई उपचारात्मक उपाय किए गए हैं:

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(घ) संरकार ने इन उपायो के कार्योत्वन हेतु क्या कदम उठाए हैं?

संचार मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा) : (क) जी, नहीं।

(ख) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग एक नोडल विभाग हैं, जो सभी मंत्रालयों/विभागों में केन्द्रीय सचिवालय लिगिल सेवा